## कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहरादून

**महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून - 248195**

**सं. : AMG-II/शहरी विकास/प्रतिवेदन संख्या- 16/2020-21/**

**दिनांक : /03/2021**

**सेवा में,**

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद - मुनिकीरेती,**
**जनपद – टिहरी गढ़वाल।**

**विषय : नगर पालिका परिषद-मुनिकीरेती, जनपद- टिहरी गढ़वाल के वर्ष 2015-16 से 2019-20 का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।**

**महोदय,**

आपके कार्यालय का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रेषित कर यह अवगत कराना है कि प्रतिवेदन के भाग II (अ) में **शून्य** प्रस्तर तथा भाग-II (ब) में **03** प्रस्तर एवं STAN में **शून्य** प्रस्तर (पृष्ठ संख्या 01 से 12 तक) हैं। इन प्रस्तरों को भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक, नई दिल्ली की वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन (Annual Technical Inspection Report) (ATIR) में सम्मिलित किया जाना सम्भावित है। भाग-2 (ब) के सभी प्रस्तरों के प्रतिपालन आख्या अपने उच्चतर अधिकारी के माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार प्रतिवेदन की प्रथम प्रतिपालन आख्या इस पत्र की प्राप्ति के एक माह के अन्दर संलग्न प्रारूप में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक** : 1. प्रतिवेदन की प्रति।
2. प्रतिपालन आख्या का प्रारूप।

**भवदीय,**

**वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/AMG-II**

**सं. :AMG-II/शहरी विकास/प्रतिवेदन संख्या- 16/2020-21/ दिनांक: /03/2021**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:**

1- निदेशक, शहरी विकास निदेशालय उत्तराखण्ड, 31/62 निकट राजपुर रोड़ साईं इंस्टीट्यूट के पास, देहरादून।
2- निदेशक, लेखापरीक्षा (ऑडिट निदेशालय) द्वितीय तल, आयुक्त कर भवन, जोगीवाला, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून, पिन कोडः 248005 ।

**वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/AMG-II**

निरीक्षण आख्या **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती , जनपद- टिहरी गढ़वाल** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार की गयी है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहारादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## भाग-I

**परिचयात्मकः** इस इकाई की **प्रथम लेखापरीक्षा** ।

1. **(i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र**:-

(i) भौगोलिक क्षेत्र: **3.455 वर्ग किमी**

(ii) जनसंख्या: - **28636**

(iii) निर्वाचित सदस्यों की संख्या: - **11**

(iv) इकाई द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या:- **04**

(v) उपसमितियों, स्थायी समितियों की संख्या तथा प्रत्येक आयोजित बैठकों की संख्या:- **03**

(vi) कर्मचारियों की संख्या: - **20**

(vii) इकाई की संपत्तियाँ: - **दुकाने, कार्यालय भवन**

(viii) इकाई के अपने प्रोजेक्ट: **कोई नहीं**

(ix) योजनाओं की संख्या: **आय-व्यय विवरण के अनुसार**

(x) (अ) सामाजिक संरक्षा:
(ब) रोजगार सृजन से संबन्धित:
(स) वर्ष के दौरान पूर्ण की गई योजनायें:
(द) लाभार्थियों की संख्या:

(xi) वर्ष के दौरान कर, रेट्स ड्यूटी चुंगी आदि की वसूली तथा बकाया राशि: **आय-व्यय विवरण के अनुसार**

(xii) वर्ष के दौरान कुल व्यय
(अ) सामान्य :
(ब) योजनाओं पर (प्रत्येक योजना का अलग-अलग दर्शाया जाय) एवं संलग्नक के रूप में लगाया जाये | : **आय-व्यय विवरण के अनुसार**

(xiii) क्या वार्षिक योजनाओं एवं बजट पर निर्वाचित निकाय द्वारा चर्चा की गयी तथा उसे पारित किया गया: **हाँ**

| **भाग-I. 2(ii)(अ)** | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती , टिहरी गढ़वाल को विगत वर्षों के दौरान बजट आवंटन एवं व्यय का विवरण** | | | | | | | | | | | |
| *समस्त धनराशि (`) मे* | | | | | | | | | | | |
| **वर्ष** | **प्रारम्भिक अवशेष** | | **स्थापना (NP)** | | **गैर स्थापना (P)** | | **अवशेष** | | | | |
| | | | | | | | **स्थापना (NP)** | | **गैर स्थापना (P)** | | |
| | **स्थापना (NP)** | **गैर स्थापना (P)** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आधिक्य (+)** | **बचत (-)** | **आधिक्य (+)** | **बचत (-)** | |
| भारत सरकार द्वारा 11 फरवरी 2017 को जारी किए गये General Financial Rule, 2017 के द्वारा स्थापना एवं गैर स्थापना व्यय के वर्गीकरण को समाप्त कर दिया गया है। | | | | | | | | | | | |

**भाग-I. 2(ii)(ब - (कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती , टिहरी गढ़वाल का वर्ष 2015-16 का आयव्यय विवरण-**

| क्र० सं० | मद का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियॉ | कुल प्राप्तियॉ | वर्ष के दौरान व्यय | अंतिम अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त आयोग | 20053395 | 26506000 | 46559395 | 31407886 | 15151509 |
| 2 | 14वॉ वित्त आयोग | 1535000 | 4423000 | 5958000 | 4852029 | 1105971 |
| 3 | बी.आर.जी.एफ.योजना | 355242 | 00 | 355242 | 173179 | 182063 |
| 4 | सुलभ शौचालय | 55000 | 00 | 55000 | 00 | 55000 |
| 5 | कुम्भ मेला–16 | 559067 | 23346000 | 23905067 | 17940213 | 5964854 |
| 6 | रा.वि.आयोग ढालवाला | 701428 | 00 | 701428 | 624250 | 77178 |
| 7 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 2350000 | 2350000 | 4700000 | 4104336 | 595664 |
| 8 | बी.आर.जी.एफ.योजना ढालवाला | 183730 | 00 | 183730 | 156117 | 27613 |
| 9 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना | 3654000 | 00 | 3654000 | 3496740 | 157260 |
| 10 | मा. मुख्यमंत्री घोषणा | 00 | 598000 | 598000 | 463524 | 134476 |
| 11 | स्वच्छ भारत मिशन | 00 | 821000 | 821000 | 745000 | 76000 |
| 12 | पटवारी चौकी मरम्मत हेतु | 00 | 130800 | 130800 | 130800 | 00 |
| 13 | डस्बीन हेतु | 00 | 200000 | 200000 | 200000 | 00 |
| 14 | पार्क स्थापना हेतु | 00 | 973000 | 973000 | 00 | 973000 |
| 15 | निकाय निधि | 3737450 | 32451493 | 36188943 | 18056089 | 18132854 |
| | योग | 33184312 | 91799293 | 124983605 | 82350163 | 42633442 |

| कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती , टिहरी गढ़वाल का वर्ष 2016-17 का आयव्यय विवरण- | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | मद का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियॉ | कुल प्राप्तियॉ | वर्ष के दौरान व्यय | अंतिम अवशेष |
| 1 | राज्य वित्त आयोग | 15151509 | 26506000 | 41657509 | 40090800 | 1566709 |
| 2 | 14वॉ वित्त आयोग | 1105971 | 8121000 | 9226971 | 5026971 | 4200000 |
| 3 | बी.आर.जी.एफ.योजना | 182063 | 00 | 182063 | 60584 | 121479 |
| 4 | सुलभ शौचालय | 55000 | 00 | 55000 | 00 | 55000 |
| 5 | कुम्भ मेला–16 | 5964854 | 3974267 | 9939121 | 8797734 | 1141387 |
| 6 | रा.वि.आयोग ढालवाला | 77178 | 00 | 77178 | 00 | 77178 |
| 7 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 595664 | 00 | 595664 | 00 | 595664 |
| 8 | बी.आर.जी.एफ.योजना ढालवाला | 27613 | 00 | 27613 | 16430 | 11183 |
| 9 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना | 157260 | 00 | 157260 | 00 | 157260 |
| 10 | मा. मुख्यमंत्री घोषणा | 134476 | 00 | 134476 | 00 | 134476 |
| 11 | स्वच्छ भारत मिशन | 76000 | 93324 | 169324 | 169324 | 00 |
| 12 | पार्क स्थापना हेतु | 973000 | 00 | 973000 | 516828 | 456172 |
| 13 | चारधाम यात्रा | 00 | 100000 | 100000 | 100000 | 00 |
| 14 | मु.मंत्री निर्मल नगर पुरूष्कार योजना | 00 | 1000000 | 1000000 | 99900 | 900100 |
| 15 | सांसद निधि | 00 | 187275 | 187275 | 00 | 187275 |
| 16 | श.वि.निदे.से प्राप्त | 00 | 1415000 | 1415000 | 1390023 | 24977 |
| 17 | निकाय निधि | 18132854 | 18735638 | 36868492 | 25662642 | 11205850 |
| | योग | 42633442 | 60132504 | 102765946 | 81931236 | 20834710 |

| कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती , टिहरी गढ़वाल का वर्ष 2017-18 का आयव्यय विवरण- | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | मद का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियॉ | कुल प्राप्तियॉ | वर्ष के दौरान व्यय | अंतिम अवशेष |
| 1 | राज्य वित्त आयोग | 1566709 | 33612000 | 35178709 | 33353915 | 1824794 |
| 2 | 14वॉ वित्त आयोग | 4200000 | 24781000 | 28981000 | 10946083 | 18034917 |
| 3 | बी.आर.जी.एफ.योजना | 121479 | 00 | 121479 | 00 | 121479 |
| 4 | सुलभ शौचालय | 55000 | 00 | 55000 | 00 | 55000 |
| 5 | कुम्भ मेला–16 | 1141387 | 00 | 1141387 | 804785 | 336602 |
| 6 | रा.वि.आयोग ढालवाला | 77178 | 00 | 77178 | 70296 | 6882 |
| 7 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 595664 | 3742000 | 4337664 | 1542050 | 2795614 |
| 8 | बी.आर.जी.एफ.योजना ढालवाला | 11183 | 00 | 11183 | 00 | 11183 |
| 9 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना | 157260 | 00 | 157260 | 00 | 157260 |
| 10 | मा. मुख्यमंत्री घोषणा | 134476 | 00 | 134476 | 00 | 134476 |
| 11 | स्वच्छ भारत मिशन | 00 | 500996 | 500996 | 499312 | 1684 |
| 12 | पार्क स्थापना हेतु | 456172 | 00 | 456172 | 268993 | 187179 |
| 13 | चारधाम यात्रा | 00 | 200000 | 200000 | 200000 | 00 |
| 14 | मु.मंत्री निर्मल नगर पुरूष्कार योजना | 900100 | 00 | 900100 | 900100 | 00 |
| 15 | सांसद निधि | 187275 | 24600 | 211875 | 99600 | 112275 |
| 16 | श.वि.निदे.से प्राप्त | 24977 | 00 | 24977 | 00 | 24977 |
| 17 | नमॉमि गॅगें | 00 | 200000 | 200000 | 00 | 200000 |
| 18 | निकाय निधि | 11205850 | 20176377 | 31382227 | 27075375 | 4306852 |
| | योग | 20834710 | 83236973 | 104071683 | 75760509 | 28311174 |

| कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती , टिहरी गढ़वाल का वर्ष 2018-19 का आयव्यय विवरण- | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | मद का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ | कुल प्राप्तियाँ | वर्ष के दौरान व्यय | अंतिम अवशेष |
| 1 | राज्य वित्त आयोग | 1824794 | 33740000 | 35564794 | 25479578 | 10085216 |
| 2 | 14वॉ वित्त आयोग | 18034917 | 16836000 | 34870917 | 15581488 | 19289429 |
| 3 | बी.आर.जी.एफ.योजना | 121479 | 00 | 121479 | 00 | 121479 |
| 4 | सुलभ शौचालय | 55000 | 00 | 55000 | 00 | 55000 |
| 5 | कुम्भ मेला–16 | 336602 | 00 | 336602 | 00 | 336602 |
| 6 | रा.वि.आयोग ढालवाला | 6882 | 00 | 6882 | 00 | 6882 |
| 7 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 2795614 | 00 | 2795614 | 96592 | 2699022 |
| 8 | बी.आर.जी.एफ.योजना ढालवाला | 11183 | 00 | 11183 | 00 | 11183 |
| 9 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना | 157260 | 00 | 157260 | 00 | 157260 |
| 10 | मा. मुख्यमंत्री घोषणा | 134476 | 00 | 134476 | 00 | 134476 |
| 11 | स्वच्छ भारत मिशन | 1684 | 130000 | 131684 | 76724 | 54960 |
| 12 | पार्क स्थापना हेतु | 187179 | 00 | 187179 | 68333 | 118846 |
| 13 | चारधाम यात्रा | 00 | 200000 | 200000 | 200000 | 00 |
| 14 | सांसद निधि | 112275 | 00 | 112275 | 00 | 112275 |
| 15 | श.वि.निदे.से प्राप्त | 24977 | 00 | 24977 | 00 | 24977 |
| 16 | नमॉमि गॅगें | 200000 | 00 | 200000 | 200000 | 00 |
| 17 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 00 | 100000 | 100000 | 00 | 100000 |
| 18 | निष्पादन अनुदान (14वां वित्त आयोग ) | 00 | 3610000 | 3610000 | 00 | 3610000 |
| 19 | निकाय निधि | 4306852 | 31908276 | 36215128 | 21145607 | 15069521 |
| | योग | 28311174 | 86524276 | 114835450 | 62848322 | 51987128 |

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती , टिहरी गढ़वाल का वर्ष 2019-20 का आयव्यय विवरण-

| क्र० सं० | मद का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियॉ | कुल प्राप्तियॉ | वर्ष के दौरान व्यय | अंतिम अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त आयोग | 10085216 | 33740000 | 43825216 | 42467628 | 1357588 |
| 2 | 14वॉ वित्त आयोग | 19289429 | 29153000 | 48442429 | 25842204 | 22600225 |
| 3 | बी.आर.जी.एफ.योजना | 121479 | 00 | 121479 | 00 | 121479 |
| 4 | सुलभ शौचालय | 55000 | 00 | 55000 | 00 | 55000 |
| 5 | कुम्भ मेला–16 | 336602 | 258110 | 594712 | 00 | 594712 |
| 6 | रा.वि.आयोग ढालवाला | 6882 | 00 | 6882 | 00 | 6882 |
| 7 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 2699022 | 00 | 2699022 | 00 | 2699022 |
| 8 | बी.आर.जी.एफ.योजना, ढालवाला | 11183 | 00 | 11183 | 00 | 11183 |
| 9 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना | 157260 | 00 | 157260 | 00 | 157260 |
| 10 | मा. मुख्यमंत्री घोषणा | 134476 | 00 | 134476 | 00 | 134476 |
| 11 | स्वच्छ भारत मिशन | 54960 | 7034096 | 7089056 | 5158405 | 1930651 |
| 12 | पार्क स्थापना हेतु | 118846 | 00 | 118846 | 00 | 118846 |
| 13 | सांसद निधि | 112275 | 00 | 112275 | 00 | 112275 |
| 14 | श.वि.निदे.से प्राप्त | 24977 | 00 | 24977 | 00 | 24977 |
| 15 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 100000 | 00 | 100000 | 00 | 100000 |
| 16 | निष्पादन अनुदान (14वां वित्त आयोग) | 3610000 | 7550600 | 11160600 | 3610000 | 7550600 |
| 17 | अटल निर्मल पुरूस्कार योजना | 00 | 1500000 | 1500000 | 733036 | 766964 |
| 18 | एन.यू.एल.एम. | 00 | 60000 | 60000 | 00 | 60000 |
| 19 | जिला गंगा समिति | 00 | 100000 | 100000 | 00 | 100000 |
| 20 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना | 00 | 6425000 | 6425000 | 00 | 6425000 |
| 21 | निकाय निधि | 15069521 | 32497280 | 47566801 | 22095688 | 25471113 |
| | योग | 51987128 | 118318086 | 170305214 | 99906961 | 70398253 |

**लेखाओं पर टिप्पणी:-**

(i) वर्ष के अंत में बड़ी धनराशि बची हुई है अर्थात योजनाओं का कृयान्वन सही ढंग से नहीं हो रहा है।

(ii) इकाई द्वारा निर्माण कार्य पंजिका नहीं बनाई जा रही है।

| भाग-I. 2(ii)(स) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्यालय नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती , टिहरी गढ़वाल का केंद्र पुरोनिधानित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय का विवरण | | | | | | |
| वर्ष | योजना का नाम | पूर्व वर्ष का अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ | कुल प्राप्तियाँ | वर्ष के दौरान व्यय | अन्तिम अवशेष |
| 2015-16 | केंद्रीय वित्त आयोग | 1535000 | 4423000 | 5958000 | 4852029 | 1105971 |
| 2016-17 | केंद्रीय वित्त आयोग | 1105971 | 8121000 | 9226971 | 5026971 | 4200000 |
| 2017-18 | केंद्रीय वित्त आयोग | 4200000 | 24781000 | 28981000 | 10946083 | 18034917 |
| 2018-19 | केंद्रीय वित्त आयोग | 18034917 | 16836000 | 34870917 | 15581488 | 19289429 |
| 2019-20 | केंद्रीय वित्त आयोग | 19289429 | 29153000 | 48442429 | 25842204 | 22600225 |
| 2015-16 | स्वच्छ भारत मिशन | 00 | 821000 | 821000 | 745000 | 76000 |
| 2016-17 | स्वच्छ भारत मिशन | 76000 | 93324 | 169324 | 169324 | 00 |
| 2017-18 | स्वच्छ भारत मिशन | 00 | 500996 | 500996 | 499312 | 1684 |
| 2018-19 | स्वच्छ भारत मिशन | 1684 | 130000 | 131684 | 76724 | 54960 |
| 2019-20 | स्वच्छ भारत मिशन | 54960 | 7034096 | 7089056 | 5158405 | 1930651 |
| 2018-19 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 00 | 100000 | 100000 | 00 | 100000 |
| 2019-20 | प्रधानमंत्री आवास योजना | 100000 | 00 | 100000 | 00 | 100000 |
| 2015-16 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 2350000 | 2350000 | 4700000 | 4104336 | 595664 |
| 2016-17 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 595664 | 00 | 595664 | 00 | 595664 |
| 2017-18 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 595664 | 3742000 | 4337664 | 1542050 | 2795614 |
| 2018-19 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 2795614 | 00 | 2795614 | 96592 | 2699022 |
| 2019-20 | जे0एन0एन0यू0आर0एम0 | 2699022 | 00 | 2699022 | 00 | 2699022 |
| 2018-19 | निष्पादन अनुदान(14CFC) | 00 | 3610000 | 3610000 | 00 | 3610000 |
| 2019-20 | निष्पादन अनुदान(14CFC) | 3610000 | 7550600 | 11160600 | 3610000 | 7550600 |
| 2016-17 | सांसद निधि | 00 | 187275 | 187275 | 00 | 187275 |
| 2017-18 | सांसद निधि | 187275 | 24600 | 211875 | 99600 | 112275 |
| 2018-19 | सांसद निधि | 112275 | 00 | 112275 | 00 | 112275 |
| 2019-20 | सांसद निधि | 112275 | 00 | 112275 | 00 | 112275 |

## भाग2(ब)

### प्रस्तर 01- बैंक खातों से अर्जित ब्याज की धनराशि ` 12.54 लाख को राजकोष के संबन्धित लेखाशीर्षक में जमा न कराया जाना ।

उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक संख्या 16/xxvii(14)/2017 दिनांक 17.04.2017 के अनुसार विभिन्न बैंक खातों में अर्जित ब्याज की धनराशि को 15 मई 2017 तक राजकोष के लेखाशीर्षक 0049-ब्याज प्राप्तियाँ – 04-राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की ब्याज प्राप्तियाँ, 800-अन्य प्राप्तियाँ, 12-अन्य प्रकीर्ण प्राप्तियों में जमा कराया जाना था।

नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती द्वारा विभिन्न योजनाओं हेतु संचालित बैंक खातों की जाँच में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2019-20 के दौरान इकाई को निम्नाकित विवरणानुसार रू0 1254240/- की धनराशि ब्याज के रूप में प्राप्त हुई थी-

**(धनराशि ₹ में)**

| क्र. स. | मद का नाम | बैंक /खाता संख्या | वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** |
| 1 | **अवस्थापना विकास निधि** | यूनियन बैंक / 343602010010010 | 16723 | 11268 | 5646 | 4931 | 4148 |
| 2 | **कुम्भ मेला** | इंडियन ओवेरसीज बैंक/ 145801000001168 | 142433 | 197847 | 37995 | 20049 | 34752 |
| 3 | **सांसद निधि** | येस बैंक / 039194600000613 | 0 | 3082.18 | 5955 | 7444 | 9941 |
| 4 | **एन0यू0एल0एम0** | इंडियन ओवेरसीज बैंक / 145801000008246 | 0 | 0 | 0 | 0 | 247 |
| 5 | **बी0आर0जी0फ0** | बैंक ऑफ इंडिया/ 69421010002602 | 13442 | 9651 | 7760 | 6923 | 6337 |
| 6 | **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन , कोविड-19, मुख्यमंत्री घोषणा** | स्टैट बैंक /10803650769 | 229848 | 123067 | 67774 | 109849 | 100702 |
| 7 | **स्वच्छ भारत मिशन** | आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक / 159601000559 | 7224 | 365 | 5537 | 2506 | 55714 |
| 8 | **प्रधानमंत्री आवास योजना** | एक्सिस बैंक / 917010066307277 | 0 | 0 | 0 | 1472 | 3608 |
| | | **योग** | **409670** | **345280** | **130667** | **153174** | **215449** |
| | | **कुल योग** | | | | | **1254240** |

आगे जाँच में पाया गया कि उपरोक्त ब्याज की धनराशि विगत 01 से 05 वर्षों से निकाय के खातों में पड़ी हुई थी। इस धनराशि को लेखापरीक्षा तिथि(02/2021) तक राजकोष के लेखाशीर्षक (0049) में जमा नहीं कराया गया था।

उपरोक्त के संबंध में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों को स्वीकारते हुये अपने उत्तर में बताया गया कि ब्याज की धनराशि को जमा करने की कार्यवाही की जायेगी ।

अत: बैंक खातों से अर्जित ब्याज की धनराशि ` 12.54 लाख को राजकोष के संबन्धित लेखाशीर्षक में जमा न कराये जाने का प्रकरण संज्ञान में लाया जाता है।

## भाग-2 (ब)

**प्रस्तर 02- ₹ 50304/-की रॉयल्टी की कटौती कर जिला खनिज फाउंडेशन न्यास में जमा न किया जाना।**

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या 1621/ VII-1/2017/8ख /16 दिनांकित 17.11.2017 के द्वारा उत्तराखण्ड जिला खनिज फाउंडेशन न्यास नियमावली, 2017 प्रख्यापित की गयी है, जो दिनांक 12 जनवरी, 2015 को प्रवृत्त हुई समझी जाएगी |

उत्तराखण्ड जिला खनिज फाउंडेशन न्यास नियमावली, 2017 के नियम 10(5) के अनुसार सरकारी निर्माण कार्यों में उपयोग की जाने वाली बालू, बजरी पर जिला खनिज फाउंडेशन न्यास पर सीधे जमा किए जाने पर रॉयल्टी का 25 प्रतिशत अतिरिक्त रूप से जमा किया जाएगा |

नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती के वित्तीय वर्ष 2019-20 से संबन्धित लेखाभिलेखों की नमूना जांच में यह पाया गया कि इकाई द्वारा वर्ष 2019-20 के दौरान कराये गये निर्माण कार्यों में रॉयल्टी के रूप में ₹ 201214/- की धनराशि की कटौती कर चालान के माध्यम से राजकोष में जमा कराई गयी है। विवरण निमन्वत है-

**(धनराशि ₹ में)**

| क्र.सं. | दिनांक | चालान/वाउचर/चेक संख्या | जमा की गई रॉयल्टी की धनराशि | जिला खनिज फाउंडेशन न्यास पर सीधे जमा किए जाने पर रॉयल्टी की 25 प्रतिशत अतिरिक्त रूप से जमा की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.07.2019 | P84480029 | 16232 | 4058.00 |
| 2 | 20.09.2019 | P84480017 | 13703 | 3425.75 |
| 3 | 17.08.2019 | P84480030 | 10957 | 2739.25 |
| 4 | 30.09.2019 | P84480027 | 5830 | 1457.50 |
| 5 | 26.092019 | P84480026 | 7912 | 1978.00 |
| 6 | 17.08.2019 | P84480031 | 7511 | 1877.75 |
| 7 | 17.08.2019 | P84480025 | 5283 | 1320.75 |
| 8 | 18.12.2019 | P84480018 | 7647 | 1911.75 |
| 9 | 27.11.2019 | P84480029 | 19942 | 4985.50 |
| 10 | 30.11.2019 | P84480020 | 10440 | 2610.00 |
| 11 | 18.12.2019 | P84480031 | 5396 | 1349.00 |
| 12 | 18.12.2019 | P84480032 | 5400 | 1350.00 |
| 13 | 18.12.2019 | P84480034 | 6885 | 1721.25 |
| 14 | 18.12.2019 | P84480024 | 5604 | 1401.00 |
| 15 | 20.09.2019 | P84480016 | 32138 | 8034.50 |
| 16 | 18.12.2019 | P84480030 | 5408 | 1352.00 |
| 17 | 21.03.2020 | B84480031 | 4695 | 1173.75 |
| 18 | 23.03.2020 | B84480036 | 30231 | 7557.75 |
| **कुल योग** | | | **201214** | **50303.50** |

उपरोक्त प्रावधान के अनुसार इकाई द्वारा रॉयल्टी की 25% धनराशि की कटौती करके जिला खनिज फाउंडेशन न्यास में जमा कराई जानी थी, परन्तु इकाई द्वारा कटौती नहीं की गयी थी जिसके फलस्वरूप ₹50303.50/- की धनराशि की न तो कटौती की गयी और न ही राजकोष में जमा कराई गई थी।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा आपति को स्वीकार करते हुये बताया कि रायल्टी की धनराशि जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

अतः ₹ 50,304/-की रॉयल्टी की कटौती कर जिला खनिज फाउंडेशन न्यास में जमा ना कराये जाने का प्रकरण संज्ञान में लाया जाता है।

## <u>भाग 2 (ब)</u>

**प्रस्तर 03:- धनराशि ` 3.27 लाख का अधिभार (Late Payment Surcharge) के रूप में भुगतान किया जाना ।**

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, उत्तराखंड की संस्तुतियों पर सरकार द्वार लिए गए निर्णय के क्रम में समस्त स्थानीय निकायों को संक्रमित की जा रही धनराशि की शर्तों के अनुसार शहरी स्थानीय निकायों को संक्रमित की जा रही धनराशि का उपयोग सर्वप्रथम निकायों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत समस्त प्रकार के कर्मचारियों के वेतन, भत्ते आदि, पथ-प्रकाश एवं जल संस्थान के देयकों एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों के दावों के भुगतान पर किया जाएगा।

नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती के स्ट्रीट लाइट के विद्युत बिलों की जाँच मे पाया गया कि इकाई द्वारा पालिका के क्षेत्रांतर्गत लगी स्ट्रीट लाईटों के विधयुत संयोजनों के बिलों (11/2019 तक) हेतु अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड ऋषिकेश, उत्तराखण्ड को दिनाँक 26.12.2019 को धनराशि ₹ 23.80 लाख का भुगतान किया गया था । भुगतान की गई धनराशि का विवरण निम्नवत है-

**(धनराशि लाख मे)**

| **31.10.2019 तक विधयुत संयोजनों के बिलों की भुगतान हेतु अवशेष धनराशि** | | | **<u>वर्तमान बिल (01.11.2019 से 30.11.2019)</u>** | | | **11/2019 तक के देयकों हेतु भुगतान की गई धनराशि** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7(1+3) | **8(2+5)** | 9(7+8) |
| **विधयुत बिल का बकाया** | **अधिभार (Late Payment Surcharge)** | **कुल योग** | **विधयुत बिल** | **अधिभार** | **योग** | **विधयुत बिल** | **अधिभार** | **योग** |
| 19.74 | **3.04** | 22.78 | 0.79 | **0.23** | 1.02 | 20.53 | **3.27** | 23.80 |

उपरोक्त से स्पष्ट है कि समय से विद्युत बिलों का भुगतान न किये जाने के परिणामस्वरूप इकाई को अधिभार(Late Payment Surcharge) के रूप में धनराशि ₹3.27 लाख का भुगतान करना पड़ा जोकि निकाय हित में नहीं है।

उपरोक्त के संबंध में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों को स्वीकारते हुये अपने उत्तर में बताया गया कि भविष्य में समय से विद्धुत बिलों का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

इकाई का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि इकाई द्वारा अपने वित्तीय स्रोतों का प्रबंधन एवं विभाग पर स्ट्रीट लाईट के देयकों की समय पर गणना कर समायोजन कर लेना चाहिए था ताकि विध्युत देयकों हेतु विलंब शुल्क/अधिभार का भुगतान न करना पड़ता।

अतः धनराशि ` 3.27 लाख का अधिभार (Late Payment Surcharge) के रूप में भुगतान किये जाने का प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

# <u>भाग-III</u>

**(क) परिचयात्मक:**कार्यालय **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती, जनपद-टिहरी गढ़वाल** के लेखा/अभिलेखों की वित्तीय वर्ष **2015-16 से 2019-20 तक** की संप्रेक्षा श्री केदार सिंह, स0. ले.प.अ., तथा श्री अरविंद शर्मा, स.ले.प.अ. द्वारा दिनांक **04.02.2021** से **11.02.2021** तक श्री सुनील कल्ला, व0ले0प0अ0 के पर्यवेक्षण में संपादित की गयी |

**(ख) विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण**:-

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **भाग-2 (अ)** | **भाग-2(ब)** | **स्टैन** |
|---|---|---|---|
| इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा | | | |
| | | | |

**(ग) विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्या**:-

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण** | **अनुपालन आख्या** | **लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा | | | | |

# <u>भाग – IV</u>

## <u>इकाई के सर्वोत्तम कार्य</u>

----सामान्य-----

# भाग – V
## आभार

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना सम्बन्धी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनाएं उपलब्ध कराने हेतु **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती, जनपद-टिहरी गढ़वाल** तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है | तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये:

(i) **शून्य**
(ii)

2. सतत अनियमितताएँ**: शून्य**

3. लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया:-

| **क्रं.सं.** | **नाम** | **पदनाम** | **अवधि** |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बी0पी0 भट्ट | अधिशासी अधिकारी | 02.07.2014 से 17.05.2017 |
| 02 | उत्तम सिंह नेगी | अधिशासी अधिकारी | 18.05.2017 से 26.05.2018 |
| 03 | श्री बी0पी0 भट्ट | | 27.05.2018 से वर्तमान तक |
| **अध्यक्ष/प्रशासक** | | | |
| 01 | श्री रोशन रतुड़ी | अध्यक्ष | 02.12.2018 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएँ जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती, जनपद-टि0ग0** को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि इसकी अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे **उपमहालेखाकार/स्थानीय निकाय, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, महालेखाकार भवन, देहरादून-248195** को प्रेषित कर दी जाये।

**वरि0 लेखापरीक्षा अधिकारी/ AMG-II**